# 3rd International Conference on

# Innovative Research In Science, Management and Technology

## (ICIRSMT 2021)

**Conference Website : www.icirsmt2021.gkfusa.org**

**Report**

**27 – 28 December, 2021**

**Venue**

**Hybrid Mode (Online and Offline)**

Organized By


## Department of Computer Science and Application

## Atal Bihari Vajpayee University, Bilaspur (C.G.), India

# प्रतिवेदन

कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा इन्नोवेटिव रिसर्च इन साइंस, मेनेजमेन्ट एवं टेक्नोलॉजी विषय पर दो दिवसीय तृतीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन दिनांक 27–28 दिसंबर 2021 को किया गया। उद्घाटन सत्र दिनांक 27 दिसंबर, 2021 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाईन माध्यम से संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा आयोजित यह तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आई.सी.आर.एस.एम.टी. के रूप में प्रदेश ही नहीं देश में भी विख्यात है तथा प्रति वर्ष इसमें शोधार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित हो रहे है।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. डेनियल ओकमबर फिटवीले विश्वविद्यालय अमेरिका ने सत्र में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय को बधाई प्रेषित की तथा अमेरिका में किये जा रहे शोध को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. डी.के.शर्मा, मैरीलैंड विश्वविद्यालय इंस्टर्न शोर, अमेरिका ने अमेरिकन इस्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी, अमेरिका के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनांए प्रेषित की।

उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने वर्तमान युग में तकनीक की आवश्यकता पर बल देते हुये विभिन्न विषयों को आपस में जोड़ कर नवीन शोध करने हेतु बल दिया जो समाज के लिये उपयोगी हो। उन्होंने कम्प्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष, डॉ. एच.एस. होता तथा समस्त शिक्षकों को इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हेतु बधाई देते हुये इस प्रकार के कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित करने पर बल दिया ताकि क्षेत्र के शोधार्थियों को इसका लाभ मिल सके तथा वे नवीन शोध हेतु उन्मुख हो सके।

उद्घाटन सत्र के प्रारंभ में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक डॉ.एच.एस. होता ने स्वागत भाषण देते हुये बताया कि इस सम्मेलन हेतु 193 शोध पत्र प्राप्त हुये है जिसमें प्रदेश एवं देश के शोधार्थियों के अलावा 10 विभिन्न देशों के शोधार्थी भी सम्मिलित है जिसमें ओमान, फिलिपिंस, कनाडा, यू.ए.ई., मॉरीशस, थाईलैंड, अमेरिका, कुवैत, साउथ आफ्रिका, मेलशिया सम्मिलित है। उन्होंने आगे बताया कि इन शोध पत्रों को 16 तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया। जिसमें देश एवं विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के शिक्षक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। ये समस्त तकनीक सत्र दिनांक 27–28 दिसंबर 22021 को आयोजित किये गये।

उद्घाटन सत्र में अमेटी विश्वविद्यालय कोलकाता के कुलपति डॉ. संजय कुमार ने नवाचार एवं इन्क्यूवेशन पर अपना प्रमुख व्यक्तव्य दिया और उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय को इन्क्यूवेशन सेंटर की शुरूवात करनी चाहिए तथा छात्रों के मध्य महत्वपूर्ण सोच को विकसित करने हेतु प्रयास करनी चाहिये उन्होंने भारत सरकार के द्वारा स्टार्ट–अप हेतु किये जा रहे सुविधा का लाभ लेते हुये शोध एवं नवाचार में कुछ महत्वपूर्ण एवं अच्छा करने का आव्हान भी किया है।

कार्यक्रम के अंत में प्रो. श्रिया साहू, सहायक प्राध्यापक ने ऑनलाईन माध्यम से उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

दिनांक 28 दिसंबर, 2021 सायं को अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, प्रो. जी.डी. शर्मा सम्मिलित हुए। उन्होंने तीसरी बार इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु डॉ. एच.एस. होता, विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस को बधाई देते हुए अर्न्तविषयी शोध को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति, आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने विभिन्न प्रासंगिक एवं नवीन विषयों पर देश–विदेशों के शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों की प्रस्तुती पर प्रशंसा जाहिर की। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में ए.आई.एम.टी. के अध्यक्ष प्रो. देवा डी. शर्मा, अमेरिका तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. एरॉन रबाबा, अमेरिकन विश्वविद्यालय कुवैत, कुवैत ने भी संबोधित किया।

## विशेषज्ञ व्याख्यान निम्नानुसार संपन्न हुआः–

| क्र. | नाम एवं संस्था | विषय | फोटो |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. संजय कुमार<br>कुलपति, अमेटी वि.वि. कोलकाता | नवाचार एवं इन्क्यूवेशन |  |
| 2. | डॉ. केट ब्राउन<br>यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैण्ड इस्टर्न शोर, यू.एस.ए. | नवीन शिक्षण तकनीक |  |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | डॉ. एम.व्ही. रेड्डी<br>न्यू ग्राफीक वर्ल्ड मोंटेरल, कनाडा | उन्नत नेनो मटेरियल |  |
| 4. | डॉ. आशीष गडेकर<br>अमेटी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजूकेशन, मारीशस | एजूकेशन 4.0 |  |
| 5. | डॉ. अविनाश गौर<br>यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाइड साइंस, ओमान | एम.सी.डी.एम तकनीक |  |
| 6. | डॉ. सईद आमेर<br>खलीफा विश्वविद्यालय, अबुधाबी यू.ए.ई | इंजीनियरिंग शिक्षा में नवाचार |  |

## उद्घाटन सत्र के अतिथि गण :–

| क्रमांक | नाम एवं संस्था | फोटो |
|---|---|---|
| 1. | श्री उमेश पटेल<br>उच्च शिक्षा मंत्री, छ.ग. |  |
| 2. | डेनियल ओकमबर<br>फिटविले विश्वविद्यालय अमेरिका |  |
| 3. | डॉ.डी.के. शर्मा<br>मैरीलैण्ड विश्वविद्यालय अमेरिका |  |

## समापन सत्र के अतिथि गणः—

| क्रमांक | नाम एवं संस्था | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ.जी.डी. शर्मा<br>कुलपति, यू.आई.टी.एम यूनिवर्सिटी, मेघालय |  |
| 2. | डॉ.एरॉन रबाबा<br>अमेरिकन विश्वविद्यालय, कुवैत |  |
| 3. | देवा डी. शर्मा<br>अध्यक्ष ए.आई.एम.टी., अमेरिका |  |

## Best paper award ICIRSMT 2021

| S.No. | Track | Name | Affiliation |
|---|---|---|---|
| 1 | Science | Dr. Neha Behar | DLS college, Bilaspur |
| 2 | | Babita Mandavi | Govt. Digvijay Autonomous college Rajnandgaon, India |
| 3 | | Adayasha Purohit | Guru Ghasidash University Bilaspur |
| | Technology | | |
| 1 | | Anirudh Tiwari | Mats University, India |
| 2 | | Tarun Dhar Diwan | Govt. Science College Bilaspur |
| 3 | | Jan Carlo Arroyo | Northern Iloil Polytechnic State college Philippines |
| 4 | | Sidhartha Shankar Dore | Maharaja Sriram Chandra Bhanj Deo university, India |
| 5 | | Mariannie Rebortera, | Davao del Norte State College, Philippines. |
| 6 | | Ms Sharda V | University of Technology and applied sciences, Oman |
| 1 | Management | Beby Kendida Hasuibaun | University of Sumatrera Utara, Indonesia |
| 2 | | Gangu Naidu | CHRIST , deemed to be university, India |


## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एक नजर में

| | |
|---|---|
| कुल शोध पत्रों की संख्या | 193 |
| सम्मिलित प्रतिभागियों के कुल देशों की संख्या | 10 |
| कुल तकनीकी सत्रों की संख्या | 17 |
| कुल विशेषज्ञ व्याख्यान | 06 |
| कुल बेस्ट पेपर एवार्ड | 11 |


## क्रांफ्रेस से संबंधित छाया चित्र :—

































# विश्वविद्यालयों में खुले इंक्यूबेशन सेंटर तो स्टार्टअप को लगेंगे पंख

## आयोजन ● अटल विवि में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ई–सम्मेलन में विद्वानों ने रखे विचार



डा. डेनियल ओकमबोर डा.टीके शर्मा डा. एमवी रेड्डी डा.सईद आमेर

**बिलासपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग में सोमवार को दो दिनी आनलाइन अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। विज्ञान प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में अभिनव अनुसंधान विषय पर भारत समेत यूएई, कनाडा और अमेरिका के विद्वानों ने बल दिया कि सभी विश्वविद्यालयों में इंक्यूबेशन सेंटर खुलना चाहिए। इससे स्टार्टअप समेत शोध और नवाचार को बल मिलेगा।

अटल विवि और इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी, अमेरिका की ओर से आयोजित सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में फिटविले विश्वविद्यालय अमेरिका के डा. डेनियल ओकमबोर शामिल हुए। अध्यक्षता कुलपति आचार्य डा. अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने की। आचार्य डा. वाजपेयी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीक की आवश्यकता पर बल देते हुए विभिन्न विषयों को आपस में जोड़कर नवीन शोध करने पर बल दियाछ जो समाज के लिये उपयोगी हो। उद्घाटन सत्र में अमेरी विश्वविद्यालय कोलकाता के डा. संजय कुमार ने नवाचार व इन्क्यूबेशन पर अपना प्रमुख व्यक्तव्य दिया और उन्होंने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय को इन्क्यूबेशन सेंटर की शुरुआत करनी चाहिए। छात्रों के मध्य नई सोच विकसित होगी। सभी विद्वानों ने भी इसी बात पर बल दिया। कार्यक्रम को अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय इंस्टर्न शोर के डा.टीके शर्मा, खलीफा विश्वविद्यालय अबूधाबी, यूएई के डा.सईद आमेर, न्यू ग्राफिक वर्ल्ड मोटेरल से डा. एमवी रेड्डी ने संबोधित किया। सम्मेलन में भारत के अलावा विश्व के 10 देशों के विद्वानों और शोधार्थियों ने भाग लिया। 193 शोध पत्र प्राप्त हुए। 16 तकनीकी सत्रों में विभाजन किया गया है। मंगलवार को इसका समापन होगा। विभागाध्यक्ष और संयोजक डा.एचएस होता ने अंत में कहा कि यह तीसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है, जिसमें छत्तीसगढ़ के युवाओं की प्रतिभागिता बढ़ रही है।

**बिजनेस स्किल्स सिखाने में मददगार है सेंटर : श्रीया**

सहायक प्राध्यापक श्रीया साहू ने कहा कि इंक्यूबेशन सेंटर बिजनेस स्किल्स सिखाने और रिस्क को कम करने का काम करते हैं। इसमें स्टार्टअप फाउंडर को एक्सपर्ट एडवाइज और गाइडेंस मिलती है। ये सेंटर खुद तो स्टार्टअप फाउंडर की वित्तीय सहायता नहीं करते लेकिन, इतने इन्वेस्टर्स से मिलवा देते हैं कि फंडिंग की कोई समस्या नहीं होती। इंक्यूबेशन सेंटर्स का महत्व इतना है कि बिजनेस की दुनिया में इसकी एक अलग साख है। जिस आइडिया को इंक्यूबेशन सेंटर ने पास कर दिया, समझ ले कि यकीनन उसमें पोटेंशियल होगा। युवाओं को आगे बढ़ने में यह अत्यधिक मददगार साबित होता है।

# बीयू : 16 तकनीकी सत्र में 185 शोध पत्रों का हुआ वाचन



डा. अविनाश गौर डा. एरान रबाबा देवा डी शर्मा डा. अशीष गढ़ेकर

**बिलासपुर(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिनी आनलाइन अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का मंगलवार को समापन हुआ। 16 तकनीकी सत्र में 185 शोध पत्रों का वाचन हुआ। इस दौरान विद्वानों ने एजुकेशन 4.0 पर बल दिया।

कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित सम्मेलन में छत्तीसगढ़ सहित भारत के विभिन्न प्रांतों के अलावा अमेरिका, फिलीपींस, कुवैत, ओमान, नीदरलैंड से प्रतिभागी जुड़े थे। विज्ञान प्रबंधन और प्रौद्योगिकी में अभिनव अनुसंधान विषय पर विद्वानों ने अपनी बात रखी। इनमें प्रमुख रूप से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से डा. केशवकांत साहू, यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी एंड एप्लाइड साइंस ओमान से डा.अविनाश गौर, अमेटी इंस्टीट्यूट आफ हायर एजूकेशन मारीशस से डा.आशीष गडेकर, आइआइएम त्रिची से डा. सुजीत के शर्मा, अमेरिकन विश्वविद्यालय, कुवैत से डा.एरान रबाबा ने अपनी बातें रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति आचार्य डा.अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने की।

उन्होंने विभिन्न प्रासंगिक एवं नवीन विषयों पर देश–विदेशों के शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों की प्रस्तुति पर प्रशंसा करते हुए भविष्य में और बेहतर करने प्रोत्साहित किया। सम्मेलन में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में एआइएमटी के अध्यक्ष प्रो.देवा डी.शर्मा शामिल हुए।

**पूर्व कुलपति प्रो.शर्मा ने शोध पर दिया बल**

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति प्रो. जीडी शर्मा शामिल हुए। शोधार्थियों के शोध पत्रों को लेकर उन्होंने प्रशंसा की। भविष्य में और भी नए विषयों पर शोध करने बल दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष डा. एचएस होता उपस्थित थे। कार्यक्रम में तीनों विषयों विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन में पृथक–पृथक बेस्ट पेपर अवार्ड दिया गया।